प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## फ्रांस के छात्र प्रतिनिधिमंडल डेफिया–2025 ने पंतनगर विश्वविद्यालय का किया दौरा

पंतनगर। 5 अक्टूबर 2025। पंतनगर विश्वविद्यालय में फ्रांस से आए छात्र का प्रतिनिधिमंडल डेफिया–2025 पहुंचे। यह प्रतिनिधिमंडल पेरिस से रवाना होकर शैक्षणिक और शोध सहयोग के साथ–साथ सांस्कृतिक आदान–प्रदान, उत्तराखंड के प्रमुख पर्यटन और धार्मिक स्थलों का भ्रमण करेगा। छात्र चार सप्ताह तक 'हरित क्रांति की जननी' के तहत इंटर्नशिप करेंगे। यह इंटर्नशिप दो विश्वविद्यालयों के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य शैक्षणिक और शोध क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत बनाना है। इस समझौते के तहत संयुक्त शोध परियोजनाएं, छात्र एवं संकाय का आदान–प्रदान, क्षमता निर्माण पहल और ज्ञान साझा करने के प्रयास शामिल हैं। इससे फ्रांस और भारत के बीच दीर्घकालिक साझेदारी की नींव रखी जाएगी।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के निर्देशन में कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व और अंतर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक डा. एच.जे. शिव प्रसाद एवं विश्वविद्यालय के समस्त सदस्य फ्रांस टीम का हार्दिक स्वागत करते हैं। यह पहल पंतनगर विश्वविद्यालय की वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति बढ़ाने और विश्वसनीय शैक्षणिक साझेदारी स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

